www.dainikchingari.com
26 जनवरी 1950 को स्थापित
संस्थापक: बाबूसिंह चौहान
बिजनौर : सोमवार, 17 अगस्त, 2026
अंक- 293 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# चिंगारी

**बुलेट ट्रेन परियोजना**
का पहला चरण
15 अगस्त 2027 से
शुरू करने का लक्ष्य






जी.एस. टॉवर्स, जजी रोड, निकट SRS मॉल (शक्ति चौक), बिजनौर। मो.: 7820079996

# गो संरक्षण में अब जेन जी की एंट्री, गांव-गांव तैयार होंगे 10 हजार 'गो मित्र'

**लखनऊ ( चिंगारी )।** योगी सरकार की प्रदेश में गो संरक्षण अभियान से अब नई पीढ़ी, खासकर जेन जी को भी जोड़ने की तैयारी है। गांव-गांव अभियान चलाकर युवाओं को गोवंश के संरक्षण, गो सेवा और इसके सामाजिक-आर्थिक महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए करीब 10 हजार 'गो मित्र' तैयार किए जाएंगे। पहले मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित होंगे और फिर उनके माध्यम से अन्य लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। गो संरक्षण और गो सेवा में पहले से रुचि रखने वाले लोगों को इसमें वरीयता दी जाएगी। इसके साथ ही योगी सरकार गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक खेती, महिला सशक्तीकरण, हरित ऊर्जा और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भरता का मॉडल विकसित करने पर काम कर रही है। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गो संरक्षण को सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल किया है। सरकार का प्रयास है कि गोवंश का संरक्षण केवल गो आश्रय स्थलों तक सीमित न रहे, बल्कि इससे रोजगार और ग्रामीण समृद्धि के नए अवसर भी पैदा हों। इसी सोच के तहत गोशालाओं को गोबर और गोमूत्र आधारित उत्पादों, प्राकृतिक खेती, बायोगैस और अन्य आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

### बच्चों और युवाओं तक पहुंचेगा गो संरक्षण का संदेश

गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि नई पहल में सबसे ज्यादा जोर बच्चों और युवाओं को गो संरक्षण से जोड़ने पर रहेगा। गांवों में अभियान चलाकर उन्हें देसी गोवंश, गो सेवा, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गाय के महत्व की जानकारी दी जाएगी। उद्देश्य यह है कि नई पीढ़ी गो संरक्षण के पर्यावरणीय और आर्थिक पहलुओं को भी समझे। अभियान को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। ये मास्टर ट्रेनर आगे अन्य लोगों को प्रशिक्षण देंगे। इस व्यवस्था के जरिए गांव-गांव प्रशिक्षित लोगों का नेटवर्क खड़ा करने की तैयारी है।


## यूपी में दिखता है बदलाव, मजबूत नेतृत्व से कानून व्यवस्था में बढ़ा लोगों का भरोसा- नाना पाटेकर

**लखनऊ ( चिंगारी )।** फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की जमकर सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने बड़े और विविधताओं से भरे प्रदेश में प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है और इसके सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस के थीम गीत 'खाकी का सितारा' के विमोचन कार्यक्रम में नाना पाटेकर ने कहा कि लगभग 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में केवल पुलिस बल की संख्या बढ़ाने से सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, बल्कि इसके लिए मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पुलिस को आधुनिक संसाधन, नई तकनीक और आत्मविश्वास प्रदान किया गया है।













26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 17 अगस्त, 2026

# बिहार के लखीसराय में भगदड़, सात महिलाओं की मौत

## मंदिर में जलाभिषेक के लिए हजारों श्रद्धालु जुटे, करंट फैलने की अफ़वाह उड़ी


**लखीसराय (एजेंसी/चिंगारी)।** बिहार के लखीसराय जिले में अशोकधाम मंदिर परिसर के समीप तीसरे सोमवार के अवसर पर आज सुबह भगदड़ मच जाने से सात महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गयी तथा 18 से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना अशोकधाम मंदिर परिसर से करीब 400 मीटर पश्चिम और अशोकधाम रेलवे स्टेशन से लगभग 100 मीटर की दूरी पर हुई। मंदिर में प्रवेश के लिए श्रद्धालुओं के पंक्तिबद्ध होने के दौरान धक्का-मुक्की शुरू हो गयी थी। भीड़ का दबाव बढ़ने से बांस की बैरिकेडिंग टूट गयी और महिलाओं का एक बड़ा समूह समीप स्थित रेलवे परिसर के जलजमाव वाले क्षेत्र में गिर गया।

इसी दौरान भीड़ के दबाव से सड़क किनारे लगा बिजली का पोल भी गिर गया। पोल गिरने के बाद करंट फैलने की अफवाह से श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गयी और लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इस दौरान कई लोग एक-दूसरे के ऊपर गिर गये। भगदड़ में सात महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान सरोज देवी (65) मणिमाला देवी (44), हेमलता देवी (55), सावित्री देवी (48), सविता देवी (35), ललिता देवी (50) तथा रिंकू देवी के रूप में की गयी है। घायलों को सदर अस्पताल तथा निजी क्लीनिकों में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया गया।










## नागपंचमी पर काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब

सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी पर्व के अवसर पर धर्मनगरी काशी में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्री काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रुक-रुककर हो रही बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को डिगा नहीं सकी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। मंगला आरती के उपरांत मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए, जिसके बाद बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। उधर, नागपंचमी के अवसर पर जैतपुरा स्थित प्राचीन नागकूप में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर नागदेवता को दूध एवं लावा अर्पित किया।

खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सस के नाम:

ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:

- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णत: नि:शुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!

आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)




# महाकाल परिसर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ से 6 लोग घायल

## हरसिद्धि मंदिर में भी 13 की तबीयत बिगड़ी

**उज्जैन (एजेंसी/चिंगारी)।** महाकाल मंदिर परिसर स्थित श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर में आज सुबह दर्शन के लिए लगी कतार में करंट फैलने की अफवाह के बाद भगदड़ मच गई। नीलकंठ द्वार के पास हुई भगदड़ में करीब छह श्रद्धालु घायल हो गए,जबकि हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में भीड़ का दबाव बढ़ने से 13 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। घायलों और बीमार श्रद्धालुओं को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद घायलों को उपचार के लिए चरक अस्पताल ले जाया गया। घायलों में हिंदूबाई निवासी ढांचा भवन उज्जैन, सागर पुत्र मनीष उम्र 19 वर्ष निवासी किशनपुरा उज्जैन, लक्ष्मीबाई निवासी ढांचा भवन उज्जैन, अनसूया और उनकी मां ममता दोनों निवासी गंजबासौदा, हरिश्चंद्र निवासी ग्राम सिलवासा, वापी गुजरात, सोनम उम्र 18 वर्ष निवासी ग्वालियर, सुजीत कुमार निवासी दरभंगा बिहार, खुशी निवासी ग्वालियर तथा तुलसी और उनकी मां रेखाबाई दोनों निवासी वलसाड गुजरात शामिल हैं। भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान बैरिकेड्स से टकराने के कारण हरिश्चंद्र के पैरों में गंभीर चोट आई है। अन्य घायलों का भी अस्पताल में उपचार किया गया। भीड़ के दबाव और अफरा-तफरी के चलते कुछ समय के लिए दर्शन व्यवस्था प्रभावित हुई।

### पुलिस-प्रशासन ने संभाली स्थिति

**घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अमले ने स्थिति को संभाला। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित करने के प्रयास किए गए। फिलहाल दर्शन व्यवस्था सुचारू बताई जा रही है। प्रशासन और सुरक्षाकर्मी भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं।**









# स्योहारा में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



प्रेस क्लब स्योहारा कार्यालय पर डॉ. मनोज वर्मा व पत्रकार।



व्यापार मंडल कार्यालय पर ध्वजारोहण करते व्यापारी



ब्लॉक में ध्वजारोहण करते ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ

**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर अवध शुगर मिल में प्रबंधक सुखवीर सिंह, एमक्यू इंटर कालेज में प्रबंधक मौलाना वकील अहमद, प्रधानचार्य मंसूर इश्तर सिद्दीक़ी, आरएसपी इंटर कालेज में प्रबंधक संयोगिता सिंह, प्रधानाचार्या मधुबाला शर्मा, एमक्यू बालिका इंटर कालेज में मैनेजर ज़कीउर्रहमान, प्रधानध्यापिक शबाना परवीन, गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में प्रधानाचार्य पर्ल, मदरसा रहमानिया ज़फर में डा.दानिश कमाल, रहमान जफर, लक्ष्य कालेज में संस्थापक एवं पूर्व ज़िलाध्यक्ष भाजपा मुरादाबाद राजपाल सिंह चौहान, डारेक्टर अमित चौहान, प्रबंधक अनुराग चौहान, गुरुनानक डिग्री कालेज में प्रबंधक गुरुदीप सिंह कालरा, जगप्रीत सिंह, वर्मा नर्सिंग होम पर डा.मनोज वर्मा, व्यापार मंडल कार्यालय पर अरूण कुमार वर्मा, व्यापारी नेता मुकेश रस्तौगी,अमित वर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, राहुल मिगलानी सहित अन्य लोगों ने, पालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष फैसल वारसी, ईओ विजेंद्र सिंह पाल, हाशमी नर्सिंग होम पर डा.एनडी हाशमी, डा.जानिब हाशमी, रमन मेटरनिटी पर डा.एचएस कालरा, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, नगर पंचायत सहसपुर में पंचायत अध्यक्षा नाहिद अमजद, चेयरपर्सन पति अमजद अली, प्रधान लिपिक सलमान अली, जन निवारण समिति अध्यक्ष तुलाराम चन्द्रा, इक़रा पब्लिक स्कूल से मैनेजर हाफ़िज़ अहमद अली, प्रधानाचार्या सादिया, गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधक गुरविंदर सिंह, प्रधानाचार्य शेखर सिंह, जूनियर हाईस्कूल जमापुर में कपिल कुमार त्यागी, सीएचसी में बीके स्नेही, बिड़ला कालेज में प्रधानाचार्य शील सिंह, रामलीला ग्राउंड में डाक्टर मनोज वर्मा, राजवीर त्यागी, राजपाल प्रजापति, अमित वर्मा, स्योहारा प्रेस क्लब कार्यालय पर डा. मनोज वर्मा, थानाध्यक्ष संजय तौमर, अध्यक्ष शारीक जैदी,नजम सिद्दीकी ने ध्वजारोहण किया गया। प्रेस क्लब स्योहारा के कार्यालय पर अध्यक्ष रियाजुलहक प्रिंस ने ध्वजारोहण किया।

## देशभक्ति के रंग में रंगा मॉडर्न एरा स्कूल




**बिजनौर ( चिंगारी )।** माडर्न एरा पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। विशिष्ट अतिथि साहनपुर, बिजनौर के पूर्व विधायक राजा भारतेंद्र सिंह एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश स्वदेशी जागरण मंच के संयोजक प्रशांत महर्षि, विद्यालय प्रबंधक श्री अनिल चौधरी, प्रेसीडेंट ठाकुर गजेन्द्र सिंह, श्रीमती प्रभा ठाकुर, श्री अभिषेक गंभीर, निर्देशिका प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। विद्यालय निर्देशिका प्राचार्या डा. सीमा विश्वास ने कहा- विद्यार्थी देश की धरोहर हैं, लेकिन आज कुछ दिग्भ्रमित हैं, क्योंकि वे ब्रेड अर्निंग एजूकेशन की ओर अग्रसर हैं। उन्हें ब्रेड अर्निंग एजूकेशन के साथ-साथ मैन मेकिंग एजूकेशन देनी आवश्यक है। इसके लिए अभिभावकों का सपोर्ट विशेष महत्व रखता है। छोटे-छोटे बच्चों ने ड्रम बीट पर हृदय की धड़कन को तीव्रता प्रदान करते हुए तथा ताई क्वांडो एवं स्केट्स ने आकर्षक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर लिया। अन्य रंगारंग कार्यक्रमों में बच्चों ने 'मेरी माटी मेरा देश' 'ताकत वतन की हमसे है' तथा 'वतन यह हमारा' सामूहिक गीतों के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रकट किया। 'शहीदों की कुर्बानी' नाटक में बच्चों के अभिनय ने सभी को भाव विभोर कर दिया। इसके अतिरिक्त कक्षा 9 की अनुष्का ने 'वीरों के वंशज' तथा तृप्ति ने 'विश्वास पे अपने खड़े रहो' देशभक्ति से परिपूर्ण कविताओं का भावपूर्ण सस्वर वाचन किया। विशिष्ट अतिथि प्रशांत महर्षि ने कहा कि हमें अपने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसके लिए 140 करोड़ व्यक्तियों को मिलकर प्रयास करना होगा। राजा भारतेंद्र ने विद्यालय की कला सौंदर्य, गायन, नृत्य, अभिनय आदि कौशलों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

## स्वतंत्रता दिवस पर धड़ल्ले से बेची गई शराब



**पैजनिया ( चिंगारी )।** जहां पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, वहीं आबकारी विभाग के कर्मचारियों और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र के गांव खासपुरा में कम्पोजिट शराब की दुकान के बाहर व हाईवे पर स्थित एक होटल में अवैध रूप से देसी व अंग्रेजी शराब की महंगे दामों पर बिक्री की जा रही थी। सुबह से ही बिडार रोड पर स्थित ठेके पर से खुलेआम सेल्समैन, कैंटीन संचालक व होटल मालिक जगह-जगह ऊंचे दामों पर खुलेआम शराब के पव्वे, अध्धे, बोतल व बीयर की केन बेचते दिखाई दिए, जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने होटल मालिक को धर दबोचा और ठेके पर शराब बिकती रही। इस संबंध में पैजनिया पुलिस चौकी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि ड्राई डे पर शराब बेचते अंकुश नामक युवक को हिरासत में लिया गया था, जिसे कुछ ग्रामीणों की सुपुर्दगी में दिया गया है। अन्य लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं आबकारी निरीक्षक चांदपुर ने बताया कि मामला उनके संज्ञान आया है, जांच कर शराब की दुकानों के अनुज्ञापियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आभा फाउंडेशन ने शिविर लगाकर 2200 लोगों की आंखों की जांच कराई

**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे आभा फाउंडेशन की ओर से आयोजित आठवें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 2200 लोगों की आंखों की जांच की गई तथा 260 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जबकि 1940 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां व चश्मे दिये गये। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को 30-30 के समूह में बिजनौर ले जाकर ऑपरेशन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि आभा फाउंडेशन की ओर से मरीजों के आने-जाने का खर्च, रहने की व्यवस्था, ऑपरेशन, दवाइयां एवं चश्मे सहित सभी सुविधाएं पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे जरूरतमंद लोगों को बिना किसी आर्थिक बोझ के बेहतर नेत्र उपचार मिल सकेगा। मालूम हो कि आभा फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क नेत्र शिविर में अब तक लगभग 10,000 लोगों को चश्मों का वितरण, 450 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन तथा लगभग 16,000 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।




## जाट विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जाट बाल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिनमें गीत, कविता, भाषण एवं मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने स्वंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सैनी ने कहा कि हमें अपने देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर अध्यापिका सुनीता सिंह, राशि शर्मा, शिवानी रानी, शिल्पी चौधरी एवं लोकेंद्र चौधरी, राकेश चौधरी, हरेंद्र चौधरी, सूरज सिंह, सुधीर शर्मा अनूप कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



**भली लगे या बुरी...**

## भारत की उपलब्धियां और चुनौतियां

15 अगस्त को भारत ने अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर स्वाभाविक रूप से अपार उत्साह व हर्षोल्लास का वातावरण रहा। क्यों न हो, आखिर हम तमाम कुर्बानियों और अथक संघर्षों के बाद आजाद हुए और उसके बाद तमाम विषमताओं, विसंगतियों और गंभीर चुनौतियों के बावजूद यहां तक पहुंच गये। आज हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं, और हमारा लोकतंत्र कई मायनों में सबसे बेहतर और खूबसूरत है। भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि हम 140 करोड़ भारतवासी अनेक मतभेदों, विरोधाभासों और विषमताओं के बावजूद एक झण्डे के नीचे हैं। हालांकि विदेशी शक्तियां ही नहीं, हमारे भीतर की भी अनेक शक्तियां देश की जड़ों को काटने का कुप्रयास करती रही हैं, फिर भी हम अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। स्वतंत्रता दिवस का यह अवसर देश की स्वतंत्रता के बाद से की गई यात्रा, उसकी उपलब्धियों, संभावित चुनौतियों तथा उनके निराकरण पर गंभीर मूल्यांकन का है। अंग्रेजों की लगभग 200 वर्ष तक गुलामी के बाद स्वतंत्र भारत की स्थिति बहुत बुरी थी, क्योंकि अंग्रेजों की लूट के कारण आज विश्व की आर्थिक शक्तियों में शामिल भारत तब अत्यन्त निर्धन और शक्तिहीन था। स्वतंत्रता आंदोलन में लगभग सारी जनता की सहभागिता तथा भारतीय लोकतंत्र के भावी विकास पर व्यापक सहमति के चलते भारत का नवोदित लोकतंत्र अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होने में सफल हुआ। अंग्रेजों को भारत छोड़ने के बाद उम्मीद थी कि भारत जल्द ही अपने विरोधाभासों के चलते बिखर जाएगा, लेकिन स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं तथा देश के जनमानस ने इन धारणाओं को मिट्टी में मिला दिया। तुलना के लिए केवल भारत से एक दिन पहले आजाद होने वाले और भारत-विभाजन के बाद बने पाकिस्तान की स्थिति पर गौर करना ही काफी होगा, जहां अब तक सेना का प्रत्यक्ष या परोक्ष शासन रहा है और आज वह देश कंगाली व विघटन की कगार पर खड़ा है। उसका एक हिस्सा 1971 में अलग होकर स्वतंत्र बांग्लादेश के रूप में हमारे सामने है।

# 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम में कई महिलाओं को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के कान्हा बैंक्वेट हॉल में 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती लीना सिंघल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज व राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान करना रहे। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी श्रीमती अंशिका दीक्षित, श्रीमती रूबी गुप्ता, अंशु चावला, सीओ आकांक्षा गौतम, ईओ मुक्ता सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी रूबी गुप्ता, उप प्रभागीय वन अधिकारी श्रीमती अंशु चावला, पुलिस क्षेत्र अधिकारी आकांक्षा गौतम, अधिशासी अधिकारी श्रीमती मुक्ता सिंह, कमलेश आर्या, अनुराधा माथुर, मंजू जौहरी, उमा महेश्वरी, वर्षा अग्रवाल, गंगा देवी, वैष्णवी सैन, हिमाशी प्रजापति सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें समाज की अन्य महिलाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बताया गया। कार्यक्रम में



कार्यक्रम में सम्मानित की गई महिलाएं।

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल एवं सुशील आर्य डांस अकादमी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मंजू जौहरी ने किया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता व सामाजिक भागीदारी को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया। कार्यक्रम संयोजक श्रीमती लीना सिंघल ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज व राष्ट्र की प्रगति की मजबूत शक्ति है। कार्यक्रम में नगर पालिका सभासद इंदू राजपूत, मनीष सैनी, बबीता तायल, कुमारी दीपा, अंजू सिंह, दीपा चैधरी, ठाकुर मनोज सिंह आदि का सहयोग रहा।

# कमल वाटिका कॉलोनी में हर्षोल्लास से मनाया गया हरियाली तीज उत्सव

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नजीबाबाद की कमल वाटिका कॉलोनी में कॉलोनीवासियों द्वारा हरियाली तीज उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए झूला झूलने का आनंद लिया। विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलोनी का वातावरण उत्सव और उमंग से सराबोर रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि कपिल जैन, मंगलेश शर्मा, अश्विनी सरीन, रतेंद्र सचान, शोभित वर्मा, रेयांश जैन, आरुष जैन, अक्षत वर्मा, अर्णव शर्मा, अमित शर्मा, नीरज वर्मा, सुमित बिश्नोई, गेंदालाल, जितेंद्र एवं हनी सहित अनेक कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। महिला वर्ग में प्रीति जैन, रचना वर्मा, प्रीति वर्मा, मीनाक्षी शर्मा, वंशिका शर्मा, बबीता शर्मा, पूजा, मालिनी सरीन, रितिका, रिंकी एवं अक्षी वर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि कपिल जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलोनीवासियों द्वारा सामूहिक रात्रि भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर आपसी प्रेम, सौहार्द व सामाजिक एकता को और मजबूत किया गया। सभी ने मिलकर तीज के पर्व का आनंद लेकर इसे यादगार बनाया।


तीज उत्सव पर झूला झूलती कालोनी की महिलाएं।

## कपिल सर्राफ को व्यापारियों ने किया सम्मानित


जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ का स्वागत करते शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से 80वें स्वतंत्रता दिवस पर नवाब नजीबुद्दौला शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, नगर युवा अध्यक्ष शेर अली, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा ने मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ व अमित कुमार का सम्मान करते हुए उनसे ध्वजारोहण कराया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महासचिव रईस कुरैशी, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, नगर महामंत्री सुशील कुमार, नगर उपाध्यक्ष मौ. मौअज्जम, नगर सचिव धीरज झा, नगर युवा अध्यक्ष शेर अली, नगर संरक्षक तपराज सिंह, मोनू टाटा, आसिफ, पंकज वर्मा, हाजी विशाल, फरहत खान, आशु, शारिक, नदीम, मोनू राजपूत, आसिद, जावेद, बिट्ठू, फैजान, रिहान, अमन आदि मौजूद रहे।

# तंजीम पयाम-ए-हक सोसायटी ने 17 बच्चों को 'उर्दू हिंदी अवार्ड' से सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर की सामाजिक संस्था तंज़ीम पयाम-ए-हक़ सोसायटी (रजि.) द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर नगर की पालोमल कालोनी स्थित आज़ाद लाइब्रेरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना अकबर शाह खां उर्दू/हिन्दी एवार्ड वितरण सम्मान समारोह का आयोजन कर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आगाज कारी फहीम की तिलावत ए कलाम ए पाक से हुआ। जिस में तंजीम द्वारा 17 बच्चों को उर्दू हिंदी अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिनमें 12 लड़कियां व पांच लड़के शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमा जैन कन्या महाविद्यालय के डायरेक्टर केसी मठपाल, पूर्व एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज मौहम्मद आदिल, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर फरहान शमसी, समाजसेवी काजी आसिफ अली मुत्तकी, आईटीसी हरिद्वार के एचआरए अल्ताफ मलिक, वरिष्ठ साहित्यकार अमन त्यागी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सोसायटी के सभी पदाधिकारियो को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व तहसीलदार हाफ़िज़ शमीम, डॉ. सुलेमान, डॉ. इबादुर्रमान, डॉ. सुहैल, डॉ. अब्दुल बारी, इकबाल अंसारी, इस्लामी फंड



के मैनेजर नफीस खान, डॉ. वसीम अहमद, मौ. महबूब अंसारी, डॉ. हाफिज मोहम्मद आरिफ, मौ. इब्राहिम, मौ. यूसुफ, डॉ. नाजिम अंसारी, मोबीन कुरैशी, शकील सैफी, महमूद सैफी, अब्दुल सत्तार, डॉ. वसीम बारी, आदिल अथर, मास्टर तनवीर, मौ. बिलाल, इंजीनियर सलमान, डॉ. मजहर, सरदार मसरूर जफर, हाजी फहीम, शमसुद्दीन सैफी, शादाब जफर, नसीम उस्मानी, नौशाद सैफी, अबरार आलम आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता तंजीम के सदर हाफिज शमीम अहमद एवं संचालन मुफ्ती ओवैस अहमद शिब्ली कासमी व डॉ. इबादुर्रमान ने संयुक्त रूप से किया।

# तिरंगा फहराया शान से, वातावरण गूंज उठा राष्ट्रगान से


जेनिसिस इंटरनेशनल स्कूल


मीरी पीरी अकेडमी


इलाही बक्श पब्लिक स्कूल


फ़ैज़ी कॉलोनी


मदरसा फैजुल उलूम

## अफ़ज़लगढ़ में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**अफ़ज़लगढ़ ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और क़ौमी जज़्बे के साथ मनाया गया। इस मौक़े पर विभिन्न स्कूलों, मदरसों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों तथा सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। देश की आज़ादी के लिए अपनी क़ुर्बानियां देने वाले शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नज़्में और अन्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

कालागढ़ रोड स्थित मीरी-पीरी खालसा एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। यहां कुलविंदर सिंह, प्रधानाचार्य जसपाल सिंह, अजविंदर बिस्ला तथा हरप्रीत सिंह बिस्ला ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा आज़ादी के महत्व पर प्रकाश डाला।

अफ़ज़लगढ़ रोड स्थित जेनेसिस इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन सोहन सिंह सहोता, सनप्रीत सिंह सहोता, प्रिंसिपल कुलदीप सिंह व समरपाल सिंह सहोता ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मिली नज़्में, देशभक्ति गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

मदरसा फैजुल उलूम में मौलाना शफ़ीक अहमद क़ासमी, युवा नेता शेख मौ. जैद, कारी जमशेद आलम, कारी शकील फ़ैज़ी तथा पूर्व सभासद अशरफ़ अब्बासी ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। इस अवसर पर मदरसे के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत किए और मुल्क की तरक्की, अमन तथा खुशहाली की दुआ की।

स्थानीय बस स्टैंड स्थित वफ़ा सोशल ट्रस्ट के कार्यालय पर ट्रस्ट के संरक्षक एवं समाजसेवी हाजी अब्दुल क़य्यूम तथा समाजसेवी सत्यप्रकाश पवार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पूर्व सभासद शमशाद वफ़ा, मौ. फराहीम, मौ. फरजान वफ़ा, ट्रस्ट के चेयरमैन इमरान वफ़ा, एडवोकेट सीताराम पिपलया, भाकियू नेता वसीम अहमद गुर्जर, अब्दुल समी सैफ़ी, मौ. अख़्तर सिद्दीकी, रिजवान वफ़ा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

काशीपुर रोड स्थित इलाही बख़्श पब्लिक स्कूल में संरक्षक हाजी अब्दुल क़य्यूम तथा लखनऊ से तशरीफ़ लाए सपा के वरिष्ठ नेता एवं कारोबारी उमर मोनिस ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उमर मोनिस बतौर मुख्य अतिथि ने कहा कि आज़ादी से पहले मुल्कवासियों की ज़िंदगी अनेक मुश्किलों से घिरी हुई थी। हमारे बुज़ुर्गों ने अपनी क़ुर्बानियों और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की क़ियादत में संघर्ष करते हुए देश को अंग्रेज़ी हुकूमत से आज़ाद कराया। उन्होंने कहा कि आज़ादी को हासिल करने में सभी वर्गों के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हमें अपने शहीदों की क़ुर्बानियों को हमेशा याद रखना चाहिए।

नगर पालिका परिषद अफ़ज़लगढ़ में चेयरपर्सन तबस्सुम जावेद ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अनेक सभासदों और पालिका कर्मचारियों ने मौजूद रहकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

मदरसा जामिउल उलूम में मौलाना शौकत अली, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन शेख सुलेमान, शमीम अहमद भट्टे तथा ठेकेदार अब्दुल रज़्ज़ाक ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर देश की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

हीरा पब्लिक स्कूल में मैनेजर मुफ्ती ज़हीर अहमद व मौ. सलीम ने ध्वजारोहण किया। वहीं मदरसा इशाअतुल उलूम मानियावाला में कारी मौ. अय्यूब तथा मुफ्ती रियाज़ुद्दीन ने झंडा फहराया।

अब्दुल रज़्ज़ाक मुस्लिम स्कूल में प्रिंसिपल शरीफ़ अहमद, कोषाध्यक्ष ज़ुबैर अहमद, शेख मौ. जैद, मौ. अयाज़, मौ. फ़ैज़ तथा मौ. उवैस ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया।

Hero
80वें गणतंत्र दिवस व रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर हीरो लाया है अपने स्कूटर्स पर शानदार ऑफर
Hero
HERO KA SCOOTER, SCOOTER KA HERO

Cash Discount 3000/-

Cash Discount 2100/-

Cash Discount 5000/-
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध मात्र 9999 के डाउन पेमेंट पर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे प्रभारी मंत्री कपिल देव

## अधिकारियों को दिये निगरानी के निर्देश



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत तहसील बिजनौर क्षेत्र के रावली बांध और गलखा देवी मंदिर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जलस्तर, बांध की स्थिति तथा सिंचाई विभाग की ओर से किए जा रहे सुरक्षात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार आपदा की स्थिति में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इसके बाद प्रभारी मंत्री ने बैराज स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में जलस्तर, बांध एवं तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों तथा राहत-बचाव की तैयारियों की जानकारी ली गई। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर सतर्क निगरानी रखने और आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि वर्तमान में जनपद में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी जसजीत कौर के मार्गदर्शन में प्रशासन की ओर से सुरक्षात्मक एवं बचाव कार्य लगातार किए जा रहे हैं। संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में निगरानी कर रहे हैं और आवश्यकता के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always | TATA

INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007


# एस.बी. कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** एस.बी. कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम प्रभातफेरी निकाली गयी तथा प्रबंध समिति की ओर से डॉ. अशरफ अली खान और हस्सान पठान एवं प्राचार्य डॉ. एस.एम. हसन के द्वारा ध्वजारोहण करके राष्ट्रगान गाया गया। प्राचार्य डॉ. एस.एम. हसन ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए यह बताया कि स्वतंत्रता बहुत बलिदानों के बाद मिली है। हमें इस अवसर पर यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने देश को दुनिया में किस प्रकार ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। इसके लिए हमें अपनी गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना है तथा आपस में भाईचारा कायम करना है। इस अवसर पर महाविद्यालय ने टीबी के पांच मरीजों को गोद लेने व उनके पोषण का संकल्प लिया तथा लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबंध समिति की ओर से श्री हस्सान पठान ने अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि लगभग 100 वर्षों के बलिदान के बाद हमें स्वतंत्रता मिली है। इस अवसर पर प्रबंध समिति की ओर से डॉ. अशरफ अली खान, हस्सान पठान, प्राचार्य डॉ. एस.एम. हसन एवं समस्त प्रवक्तागण व ऑफिस स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# 20 मिनट तक घर की दीवार पर बैठा रहा गुलदार

**खासपुरा ( चिंगारी )।** खासपुरा निवासी किसान चौ. अवधेश कुमार के घर में अचानक शनिवार शाम लगभग सात बजे गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गुलदार करीब 15 फीट ऊंची दीवार पर चढ़कर बैठ गया और लगभग 20 मिनट तक वहीं मौजूद रहा। गुलदार को देखकर परिवार के लोगों और आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के अनुसार, गुलदार घर के अंदर आने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान चौधरी अवधेश कुमार ने हिम्मत दिखाते हुए डंडे की मदद से उसे अंदर आने से रोकने का प्रयास किया। काफी देर तक गुलदार दीवार पर बैठा रहा, जिससे लोगों में भय का माहौल बना रहा। बाद में गुलदार वहां से जंगल की ओर चला गया। क्षेत्र में गुलदार की लगातार आवाजाही से लोगों और पशुओं की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से मौके पर निगरानी बढ़ाने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

# फैक्ट्री से लौट रहे कर्मचारी को बदमाशों ने मारपीट कर लूटा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** फैक्ट्री से घर लौट रहे एक कर्मचारी को गंज क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े बदमाशों ने घेर लिया। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर दो मोबाइल फोन और बाइक लूट ली और फरार हो गए। घायल कर्मचारी ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव जहानाबाद निवासी अशोक पुत्र बिंदर एग्रिस्टो माशा प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत है। बताया गया कि 12/13 अगस्त की मध्यरात्रि करीब एक बजे वह डबल शिफ्ट की ड्यूटी करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। गंज क्षेत्र में पाइप फैक्ट्री से आगे नहर के पास सड़क किनारे खड़े बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने अशोक के साथ मारपीट की और उसके पास मौजूद दो मोबाइल फोन तथा बाइक छीन ली। वारदात के बाद बदमाश फरार हो गए। घायल अशोक किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना से हड़कंप मच गया। घटना की जांच की जा रही है। परिजनों ने रात करीब ढाई बजे गंज चौकी पुलिस को लूट की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे मकानों तथा स्कूलों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस ने परिजनों को जल्द घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# 7355 पौधे लगाने वाले पर्यावरण मित्र सहित कई होमगार्ड सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कमांडेंट होमगार्ड्स कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सुबह वंदेमातरम का गायन हुआ। इसके बाद जिला कमांडेंट होमगार्ड्स वेदपाल सिंह चपराना ने ध्वजारोहण किया। जिले में होमगार्ड्स की 18 कंपनियां हैं। विभाग की ओर से जल एवं पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के तहत 12 जुलाई से जिलेभर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान होमगार्ड्स स्वयंसेवकों ने कुल 7355 पौधे लगाए। प्रत्येक कंपनी से सबसे अधिक पौधे लगाने वाले एक-एक होमगार्ड्स स्वयंसेवक का चयन कर उन्हें जिला कमांडेंट ने 'पर्यावरण मित्र' पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा विभाग की ओर से नशामुक्ति के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत नशा छोड़ने का संकल्प लेने वाले छह होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को 'नशा मुक्ति मित्र सम्मान' से सम्मानित किया गया। बेहतर वर्दी, अनुशासन और ईमानदारी से ड्यूटी करने वाले होमगाड्स स्वयंसेवकों को 'बेस्ट होमगार्ड्स' पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीसी सतेंद्र सिंह, गंगा सरन सिंह, कुंवर सिंह नेगी, अभेन्द्र सिंह, बीओ, मुजीबुर्रहमान, प्रधान सहायक, शेर सिंह आर्य, कविता देवी, ब्रह्मपाल सिंह, समेत विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और होमगार्ड्स स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# पुलिस ने करके लंगड़ा, गौवध के आरोपी को पकड़ा

## दो महिलाएं भी मांस के साथ पकड़ी गईं

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** पुलिस ने मुठभेड़ में एक गौतस्कर को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। साथ ही उसके पास से दो कुंतल गौमांस, 2 रस्सी, छुरी, लोहे का चापड़, कुल्हाड़ी बरामद हुई है। आरोपी के अन्य दो साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दो महिलाओं को भी पांच-पांच किलो गौ मांस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रात: चार बजे कुछ संदिग्ध व्यक्ति अकबराबाद के जंगल में कब्रिस्तान के पास गौ-वध कर रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर गौतस्करों को पकड़ने का प्रयास किया। गौतस्करों में से एक ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फायर किया, जिससे एक गौतस्कर के पैर में



गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसके दो अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम आसिफ पुत्र रशीद निवासी ग्राम अकबराबाद बताया





तथा अपने फरार साथियों का नाम नौशाद पुत्र कालू, नदीम पुत्र बुन्दू निवासी ग्राम अकबराबाद बताया। पुलिस ने मौके से लगभग दो कुंतल गौवंश पशु का मांस, रस्सी, लोहे का चापड़, छुरी, कुल्हाड़ी व लकड़ी का गुटका, पशु के अवशेष खाल, खुर आदि बरामद किए। पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, एक-एक जिन्दा कारतूस व एक खोखा बरामद करने का भी दावा किया। पुलिस ने अकबराबाद निवासी आसमा पत्नी आसिफ व जुबैदा पत्नी बुन्दू को पांच-पांच किलो गौ मांस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। पुलिस पार्टी में थाना अध्यक्ष सुनील कुमार, अकबराबाद चौकी प्रभारी अन्नू कुमार, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, महिला उपनिरीक्षक प्रीति पंवार, लोकेश कुमार, गौतम कुमार, निमित कुमार आदि शामिल थे।

## आकाशीय बिजली गिरने से मदरसे की दीवार क्षतिग्रस्त



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से मदरसे की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। यह गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, जबकि आकाशीय बिजली के झटके से प्रभावित होकर सारी रात बिजली गुल रही। मोहसिन, हनीफ, आबिद, नफीस, शमशाद, राकेश आदि ने बताया कि देर रात्रि आकाशीय बिजली अचानक मदरसे की दीवार पर आ गिरी। आकाशीय बिजली का धमाका इतना तेज था कि दीवार की ईंटों का चूरा हो गया। धमाके से पूरा मोहल्ला दहल उठा। डरकर लोग घरों से बाहर निकल आए। घटना के समय मदरसे में कोई नहीं था।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# ख़तरा : कुंदनपुर, सुक्खापुर में कटान शुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर गंगा में दिखाई देने लगा है। नदी में पानी बढ़ने के साथ धारा का वेग भी तेज हो गया है। इसके चलते गंगा किनारे बसे ग्राम कुंदनपुर, सुक्खापुर में कटान का खतरा बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए पूर्वी गंगा संगठन के मुख्य अभियंता शरद कुमार सिंह ने अधीक्षण अभियंता राजीव मित्तल के साथ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। शुक्रवार को मुख्य अभियंता शरद कुमार सिंह ने ग्राम कुंदनपुर सुक्खापुर में मौके पर पहुंचकर गंगा की धारा, कटान



स्थिति का जायजा लेते हुए मुख्य अभियंता शरद कुमार सिंह।

प्रभावित हिस्से और गांव की ओर बढ़ रहे संभावित खतरे का जायजा लिया। विभागीय अधिकारियों ने उन्हें नदी की बदलती धारा और वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता शरद कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंदनपुर, सुखापुर की आबादी को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर तत्काल शुरू कराए जाएं। अधीक्षण अभियंता राजीव मित्तल ने भी मौके पर अधिकारियों से कटान की स्थिति और अब तक किए गए बचाव उपायों की जानकारी ली।

# नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी के आरोपी सिपाही समेत दो गिरफ़्तार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर नौ लाख रुपये की ठगी के मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर दो लाख रुपये बरामद किए हैं, जबकि सिपाही के बैंक खाते में जमा करीब चार लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 14 अगस्त को थाना शेरकोट के क्षेत्र के ग्राम जमालपुर उदयचंद उर्फ मिर्जापुर निवासी शुभम विश्नोई ने कोतवाली शहर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सिपाही दीपक कुमार निवासी ऐतमादपुर, थाना अगौता, बुलंदशहर और मोहन सैनी निवासी रसूलपुर पित्तनका उर्फ बबनपुरा, शहर कोतवाली ने उसके पिता से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर नौ लाख रुपये लिए थे। नौकरी नहीं लगने पर रकम वापस भी नहीं की गई।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी मोहन सैनी और सिपाही दीपक कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मोहन सैनी की निशानदेही पर उसके हिस्से में आए दो लाख रुपये बरामद किए गए। वहीं दीपक कुमार के बैंक खाते में जमा करीब चार लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं। सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ठीक ठाक सोया व्यक्ति बिस्तर पर मृत मिला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रात को ठीक ठाक सोया एक व्यक्ति सुबह को बिस्तर पर मृत पड़ा मिला। घटना से उसके परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय मोहल्ला खत्रियान निवासी शहज़ाद ( 50 वर्ष ) रोज़ की तरह कल देर शाम जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने गया था। जंगल से लौटकर उसने ठीक ठाक हालत में कल खाना खाया और सो गया। आज सुबह जब वह सोकर नहीं उठा तो उसकी पत्नी ने उसे जगाना चाहा, लेकिन हिलाने के बावजूद जब वह नहीं उठा तो उसे डाक्टर के यहां ले जाया गया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। समझा जा रहा है कि शहज़ाद की मौत हार्ट अटैक से हुई होगी।













सभी देशवासियों को
# स्वंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं






सभी देशवासियों व सम्मानित ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व रक्षाबंधन की
## हार्दिक शुभकामनाएं



# इमरान समी
प्रधान पति
कोतवाली देहात

# तमन्ना नाज
प्रधान
ग्राम पंचायत कोतवाली देहात



इमरानी समी






# स्वतंत्रता दिवस मनाया, तिरंगा शान से फहराया



मदरसे में ध्वजारोहण करते शरीफ कस्सार।



अमानगढ़ रेंज कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाते वनकर्मी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कासमपुर गढ़ी व आसपास के क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल-कॉलेजों, मदरसों, सरकारी व निजी संस्थानों आदि में तिरंगे लहराए और देशभक्ति के तरानों पर मुल्क की मोहब्बत में लोग झूम उठे। एक ओर हर घर तिरंगा अभियान के तहत मकानों/दुकानों की छतों पर लगाए गए तिरंगे झंडे चारों ओर देशप्रेम की भावना प्रदर्शित करते लहराते रहे, वहीं दूसरी ओर गगनभेदी देशभक्ति नारों व राष्ट्रगीतों के साथ निकाली गई रैलियों से वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा। टाइनी फ्यूचर प्ले स्कूल अफजलगढ़ में डायरेक्टर फातिमा कुरैशी के मार्गदर्शन में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। संविलियन विद्यालय नारायणवाला में मुख्य अतिथि पत्रकार एसएम असलम व ग्राम प्रधान बेगराज सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा सिंह, शिक्षक दिनेश कुमार व मौ. ताहिर आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। मदरसा मजहरूल उलूम अल मोहम्मदिया अफगानान कासमपुर गढ़ी में सपा नेता शरीफ कस्सार ने अमर शहीदों की कुर्बानियों पर रोशनी डाली। मोहतमिम पप्पू पठान व मुदर्रीसीन मौलाना शकील, कारी इकरार, कारी उस्मान, मास्टर वसीम आदि ने मौजूद मेहमानों का स्वागत किया। अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। फैज-ए-आम पब्लिक स्कूल अफजलगढ़, ब्लॉक कार्यालय, अमानगढ़ रेंज कार्यालय, मदरसा तहफीजुल कुरान हुसैनिया, मदरसा जिया उल कुरान, अलीगढ़ कान्वेंट स्कूल, केएस ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल व एचसीएम इंटर कॉलेज में भी अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

# आरजेपी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरजेपी इंटर कालेज में 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के छात्रों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी के अगुवाई स्वयं प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ़ तथा वरिष्ठ प्रवक्ता नरेंद्र सिंह ने की। तत्पश्चात ठीक 8 बजे प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ व मुख्य अतिथि, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त एवं राजकीय इंटर कॉलेज बिजनौर के सेवानिवृत प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि वीरा चैरिटेबल सोसायटी के सदस्य एवं आरजेपी के पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत छात्रों के द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने माध्यमिक शिक्षामंत्री के संदेश को पढ़ा। इस अवसर पर सुधीर कुमार राजपूत, नरेंद्र कुमार, सुभाष बाबू राजपूत, एसपी गंगवार, चंद्रहास सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, मनोज यादव, विनोद कुमार यादव, तेजपाल सिंह, भूपेंद्रपाल सिंह, मोहम्मद अनस, करनवीर सिंह, रश्मि चौहान, अलका रानी, छवि गर्ग, वाजिद हुसैन, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल, जितेंद्र कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हिंदी प्रवक्ता बृजेश कुमार राजपूत ने किया।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पुलिस लाइन और कैंप कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण किया। शनिवार को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने पुलिस लाइन और कैंप कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। एसपी ने पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शपथ दिलाई। पुलिस विभाग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी अभिषेक झा ने पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में एएसपी सिटी डा. केजी सिंह, एसपी यातायात गौतम राय सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# तृतीय पुण्यतिथि पर मयंक मयूर मार्ग का लोकार्पण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्वर्गीय मयंक मयूर की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषदए बिजनौर द्वारा 'मयंक मयूर मार्ग' का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः हवन के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गईए जिसमें उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय मयंक मयूर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि ऐसा स्वयं सेवक शायद ही भविष्य में मिले। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत 'मयंक मयूर मार्ग' का लोकार्पण नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह, मयंक मयूर की माता संतोष देवी, डा. बीरबल सिंह, क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा व सभासद मनोज कुमार मनी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती इन्दिरा सिंह, महेश पाल सिंह विभाग सरसंघचालक, विकास लाटियान नगर सरसंघ चालक विकास अग्रवाल, प्रशांत महर्षि, सुभाष वाल्मीकि, डा. बीरबल द्वारा विचार रखते हुए कहा कि इस मार्ग पर लगा लोकार्पण का शिला लेख निःस्वार्थ भाव से काम करने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर उनके पारिवारिकगण प्रबुद्ध नागरिक तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित होने वालों में विदित चौधरी, प्रान्त विद्यार्थी प्रमुख जितेन्द्र चौधरी, प्रदीप जी जिला कार्यवाह, दीपक चौहान नगर कार्यवाह, अनिल चौधरी विश्व हिन्दू परिषद, दुष्यंत कुमार, सुरेन्द्र प्रकाश भटनागर, अमित ठाकुर व संजय बिश्नोई सभासद उपस्थित रहे। मयंक मयूर के बड़े भाई गिरवर पाल सिंह ने नगर पालिका व सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



ध्वजारोहण करते हुए श्रीमती सविता मित्तल एवं डा. हरीश कुमार मित्तल।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शनिवार को पुलकित मेमोरियल हास्पिटल बैराज रोड बिजनौर में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। ध्वजारोहण पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल की एम.डी. श्रीमती सविता मित्तल एवं चेयरमैन डा. हरीश कुमार मित्तल के द्वारा किया गया। इसके उपरांत राष्ट्रगान, वंदे मातरम् एवं देश भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सभी डॉक्टर्स व स्टाफ से स्वस्थ, समृद्ध एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया गया। पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रबंधक विरेन्द्र कुमार, मैनेजर-एच.आर. एण्ड एडमिन अनिकेत शर्मा, डा. दिग्विजय सिंह, डा. साक्षी चौहान, डा. दिनकर राणा, डा. मोहित शर्मा, डा. सचिन, डा. साक्षी कौशिक, डा. अंजलि धरवा, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर सी.पी. सिंह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एआरटीओ कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय बिजनौर में 80वा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।**

सहायक संभागीय के परिवहन अधिकारी महेश कुमार शर्मा एवं यात्री कर अधिकारी मुन्नालाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रप्रेम देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और संविधान के मूल्यों के प्रति अपने दायित्वों का पालन करना चाहिए। उन्होंने देश के अमर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम उपरांत कार्यालय परिसर में एक पौधा मां के नाम रोपित किया गया। इस अवसर पर नईम अहमद, सोहनलाल, ऋषिपाल, रामकुमार अमित विश्वकर्मा अंकित कुमार सोनू वर्मा, रवि कुमार, आमिर नकवी, मुकेश कुमार ममता रानी कमल कुमार मुकेश चौहान कर्मेंद्र सिंह देवेंद्र सैनी, लाल सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# शेरकोट में निकाली गई शानदार तिरंगा यात्रा

शेरकोट। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर युवा तिरंगा यात्रा कमेटी और हम वेलफेयर सोसायटी द्वारा नगर में धूमधाम से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान लगे देश भक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। युवा तिरंगा यात्रा कमेटी के तत्वावधान में जामा मस्जिद चौक से राष्ट्रीय गान के उपरांत ढ़ोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई तिरंगा यात्रा स्टेट बैंक चौक, मुख्य बाजार,अली मस्जिद चौक से होकर टेम्पो स्टैंड चौक पर पहुंचकर सम्पन्न हो गई। वहीं हम वेलफेयर सोसायटी द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा कार्यालय से ध्वजारोहण के बाद शुरू हुई और मुख्य बाजार सहित विभिन्न रास्तों से होकर टेम्पो स्टैंड पर पहुंच कर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल युवा हाथों में तिरंगा लिए पूरे उत्साह के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे , जिससे नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया और देशभक्ति का जनून युवाओं के सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। समापन से पूर्व वक्ताओं ने देश को आजाद कराने वाले अमर शहीदों को नमन किया और राष्ट की एकता अखंडता और भाईचारा बढ़ाने के लिए काम करने की अपील की। यात्रा के आयोजन में व्यापारी नेता अंसार अहमद, शेख मोनिस, सुहैल इदरीसी, गुफरान राजा,मौ आसिफ, मौ फाहद, सोनू भाई,अदनान राईन, मनोज शर्मा, नरेश कुमार प्रजापति,सलीम अहमद ,सोसायटी अध्यक्ष मौ शादाब,नदीम इदरीसी डॉ सोहराब, इजहार नबी, नबील अहमद आदि का मुख्य सहयोग रहा। यात्रा में व्यापारी मुईनुद्दीन लाइट वाले, बबलू ट्रांसपोर्टर ,ज़ीशान सीमेंट वाले,सलीम भाई मेडिकल स्टोर , इमरान नवाज़, धर्मेन्द्र शर्मा,कमर आलम, मौ शादाब उर्फ पप्पू भाई, खालिद खां, अरमान सेफी,सेफ मंसूरी,अफसर अंसारी, शहजाद अहमद,एस भारती, अमिष रस्तोगी, एम डी शारिक़, हन्नान डिजाइनर, शानू ज़ैदी, मेराज सिद्दीकी,मौ शाहनवाज,नवनीत राजपूत,प्रदीप यादव, सुमित वर्मा, मास्टर अकील,मौ आलम एड.,राधे सैनी, अमित रूहेला, विपिन रूहेला अब्दुल मुत्तालिब, क़ारी ख़ालिद अशरफ, मुहम्मद सलमान, ज़ाकिर अब्बासी, मुहम्मद आसिम , शहज़ेब खान,मुहम्मद सुलेमान, मुहम्मद रईस, मुहम्मद शुऐब, डॉक्टर आदिल,फैज़ उर रहमान, काशिफ, आतिफ़, मौ अमान, हमज़ा, ज़ीशान, मौ शाजेब आदि बड़ी संख्या में युवाओं, व्यापारियों,सामाजिक व राजनीतिक लोगों ने भाग लिया।


उपस्थित भीड़ को सम्बोधित करते हम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मौ शादाब।

# देश को आज़ादी की भारी कीमत चुकानी पड़ी- भूदेव सिंह



**बिजनौर ( चिंगारी )।** LRD SVM INTER COLLEGE, MANDAWAR, BIJNOR–THE CAMBRIDGE में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व पूर्ण हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से झंडा गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। मंच संचालन बहिन रघुवंशिका ने किया। वरिष्ठ आचार्य ब्रज किशोर ने अंग्रेजी भाषा में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। श्री भूदेव सिंह ने बताया कि भारत को स्वतंत्रता अनेक संघर्षों, आंदोलनों और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान के पश्चात प्राप्त हुई। कार्यक्रम में बहिन तपस्या चौधरी ने अंग्रेजी भाषा में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया। कु. हनी ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण देकर सभी में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की। द कैंब्रिज विंग की इंचार्ज श्रीमती इंदु राजपूत ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# रमा जैन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रमा जैन कन्या महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट व राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने संयुक्त रूप से तिरंगा रैली का आयोजन किया। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भारत मां की जय व वंदे मातरम के नारे लगाते हुए शहर में रैली निकाली ताकि स्थानीय लोगों के हृदय में भी तिरंगे के प्रति प्रेम सम्मान का भाव जागृत हो तथा वह अपने हृदय में छिपे देश भक्ति के भावों को पहचान सके। रैली के आरंभ में महाविद्यालय निदेशक डॉ. केसी मठपाल ने तिरंगे का सम्मान का आव्हान किया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मृदुला त्यागी ने भी तिरंगा हाथ में लेकर छात्राओं को प्रेरित किया। तिरंगा रैली में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं डॉ. भावना अरोड़ा, डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, श्रीमती गुलनार, श्रीमती पारुल त्यागी, श्रीमती ज्योति पाल, डॉ. सविता वर्मा आदि ने भी अपना योगदान दिया। रैली का आयोजन मेजर डॉ. सविता सक्सेना व राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। रैली में एनसीसी के कैडेट नेहा, रिंकी, आकांक्षा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं भावना, योग्यता, शहरीन, खुशी, आकांक्षा, कामिनी आदि ने पूर्ण उत्साह से कार्य किया।

## हरियाली तीज के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। मेरी कलम साहित्य सेवा संस्थान के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस तथा हरियाली तीज के उपलक्ष्य में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्यकार डॉ. मंजू जौहरी मधुर की अध्यक्षता में आदर्शनगर में रजनी टांक के निवास पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर तथा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। सरस्वती वंदना कविता नामदेव तथा संचालन आचार्या फूलमाला वर्मा ने किया। काव्य गोष्ठी में डॉं. मंजू जौहरी मधुर, कविता नामदेव, फूलमाला वर्मा, अनीता अनंत, रजनी टांक, लता वर्मा, गौरा रानी ने कविता पाठ किया। इसके अतिरिक्त वंदना कोटनाला, गीता वर्मा तथा पारूल टांक ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में रजनी टांक ने तीज के उपहार प्रदान करके सम्मानित किया। इस मौके पर मंजू जौहरी कई महिलाओं को सम्मानित किया गया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# आपसी संवाद और भाईचारे को मजबूत करेगी सद्भावना कमेटी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव रेहरा-सब्दलपुर स्थित मदरसा कासिमुल उलूम में रविवार को जमीयत उलेमा-ए-हिंद के निर्देशन में सांप्रदायिक सद्भाव, आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी परिस्थिति में आपसी एकता और भाईचारे को कायम रखने के लिए 11 सदस्यीय क्षेत्रीय सद्भावना कमेटी का गठन किया गया।



मदरसा कासिमुल उलूम में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मुफ्ती नासिर अहमद ने की, जबकि संचालन मौलाना मोहम्मद शाहिद ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मौलाना मोहम्मद शाहिद कासमी को क्षेत्रीय सद्भावना कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। कमेटी में विभिन्न वर्गों के लोगों को शामिल करते हुए आपसी सहयोग और सामाजिक एकता को प्राथमिकता दी गई।

कमेटी में मुफ्ती नासिर अहमद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद नईम अहमद, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद शाहिद, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. भानुप्रकाश वर्मा, शीशपाल उर्फ बबलू प्रधान, डॉ. सुखवीर सिंह तथा डॉ. सुभाष सिंह को सदस्य चुना गया।

बैठक को संबोधित करते हुए मुफ्ती मोहम्मद नासिर अहमद ने कहा कि सद्भावना कमेटी का मुख्य उद्देश्य समाज में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे, प्रेम, आपसी विश्वास और सद्भाव को कायम रखना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होती है, जिससे सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका हो, तो सद्भावना कमेटी सक्रिय होकर लोगों के बीच आपसी संवाद और भाईचारे को मजबूत करने का प्रयास करेगी। कमेटी का प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना बनी रहे।

नवनियुक्त अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद शाहिद कासमी ने कहा कि कमेटी क्षेत्र में शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश पहुंचाने के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के लिए सभी वर्गों के लोगों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी सामाजिक एकता, आपसी सहयोग, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में सभी समुदायों के लोग आपसी सौहार्द के साथ रहते आए हैं और इस परंपरा को आगे भी कायम रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान सद्भावना कमेटी के गठन को क्षेत्र में सामाजिक एकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया। उपस्थित लोगों ने कमेटी के माध्यम से आपसी संवाद बढ़ाने, लोगों के बीच विश्वास कायम रखने तथा शांति और सद्भाव का वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया है।

## नगर पंचायत बढ़ापुर में इस बार नये अंदाज में मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस बार नगर पंचायत में भी स्वतंत्रता दिवस नये अंदाज में मनाया गया। सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने नगर पंचायत प्रांगण में मनाए गए स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष डा. दिलशाद अंसारी द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त नगर के गणमान्य व्यक्तियों पूर्व चेयरपर्सन पति व आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी से बढ़ापुर विधानसभा के संभावित प्रत्याशी मो. असलम अंसारी, वरिष्ठ पत्रकार अतीक अली जैदी, मुंशी मुख्तार अंसारी, पूर्व सभासद नेता नत्थू सिंह प्रजापति, डा. कृपाल सिंह सैनी को चेयरमैन दिलशाद अंसारी द्वारा उनके योगदान के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. दिलशाद अंसारी की अध्यक्षता एवं पत्रकार अतीक अली जैदी के संचालन में हुए कार्यक्रम में नामित सभासद अजयराज सिंह एडवोकेट, आकिल खान भारती एडवोकेट, अकील अहमद, योगेश प्रजापति, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।



असलम अंसारी को सम्मानित करते चेयरमैन

## प्रेस क्लब स्योहारा का संरक्षक बनाए जाने पर शाश्वत वर्मा को सम्मानित किया



**स्योहारा ( चिंगारी )।** प्रेस क्लब स्योहारा के सदस्यों ने डॉ. शाश्वत वर्मा को क्लब का संरक्षक चुने जाने पर स्टेशन रोड स्थित उनके अस्पताल पहुंचकर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान क्लब पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सबसे पहले डॉ. वीरेंद्र पुष्पक और डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने डॉ. शाश्वत वर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद प्रेस क्लब अध्यक्ष शारिक शमीम एवं अन्य सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर संरक्षक बनाए जाने पर बधाई दी। डॉ. शाश्वत वर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब स्योहारा ने उन्हें जो सम्मान और जिम्मेदारी प्रदान की है, वह उनके लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वह क्लब के सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपना सहयोग और मार्गदर्शन देने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रेस क्लब अध्यक्ष शारिक शमीम ने कहा कि डॉ. शाश्वत वर्मा के संरक्षक बनने से क्लब को उनके अनुभव और सहयोग का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर महामंत्री नजम सिद्दीकी, नसीम अहमद, मोहम्मद फैजान, प्रशांत रस्तोगी, सर्वेंद्र रस्तोगी, फहीम अहमद, रोहित रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## जजी परिसर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




बिजनौर (चिंगारी)। 80वां स्वतंत्रता दिवस जिला जजी परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रगान गाया गया, शांति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाए गए। प्रात: 8 बजे जनपद न्यायाधीश संजय कुमार ने जनपद न्यायालय भवन पर धवजारोहण किया तथा शांति और प्रगति के प्रतीक रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाए। जिला बार एसोसिएशन हॉल पर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार तथा जिला बार अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने ध्वजरोहण किया। फूलों और रंग बिरंगे गुब्बारों से भव्य रूप से सजे बार हॉल में राष्ट्रगान के बाद आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश संजय कुमार ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का संकल्प दिलाया। अनिल कुमार चौधरी एडवोकेट के संचालन में आयोजित समारोह में सबसे पहले मुख्य अतिथि सहित न्यायिक अधिकरियों व विशिष्ट अतिथियों का फूल मलाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक चौधरी शुभम सिंह एडवोकेट ने सभी अतिथियों, अधिवक्ताओं तथा उपस्थित गन्यमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद जनपद न्यायाधीश संजय कुमार तथा जिला बार अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार एडवोकेट ने सिविल बार हाल में भी ध्वजरोहण किया।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय में निकाली गई तिरंगा यात्रा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद तथा प्राथमिक विद्यालय भवन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व बीआरसी मोबीन हसन के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा पूर्व माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होकर महल सराय, नवाबपुरा, पाईबाग होते हुए बीआरसी पर पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में नगर पालिका के सदस्य शजर तैयब. मुदस्सिर फरोग, शाहजहां परवीन, नासरा, सारिका, आसमा, प्रतिज्ञा, राधा रानी, कुमुद सिंहल, नजमा आदि मौजूद रहे।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476


# इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह का किया आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन व जिम्मेदारी की भावना को विकसित करना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य रहा है। अलंकरण समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान नये शैक्षणिक सत्र के लिए छात्र परिषद (स्टूडेंट कौन्सिल) का गठन किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं को उनकी जिम्मेदारियों के प्रतीक के रूप में बिल्ले व पट्टियां प्रदान की गईं। अलंकरण समारोह में विद्यालय के छात्र परिषद का चयन किया गया, जिसमें हेड बॉय जीवेश राजपूत, हेड गर्ल दक्षिता काकरान, स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय) अक्षय राजपूत, स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) परी सिंह, वाइस हेड बॉय ऋषभ, वाइस हेड गर्ल याशिका, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय) जतिन तोमर एवं वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) आयुषी गहलौत चुने गए। इसी तरह से विद्यालय में विद्यमान हाउस के अन्तर्गत अशोका हाउस के लिए जैद अंसारी (हाउस कैप्टन बॉय), माविया नाज (हाउस कैप्टन गर्ल), श्रेयांश (वाइस हाउस कैप्टन बॉय), स्वस्ति राजपूत (वाइस हाउस कैप्टन गर्ल), द्रोण हाउस के लिए



अश कुमार (हाउस कैप्टन बॉय), मिष्ठी बसल (हाउस कैप्टन गर्ल), स्वरित सिंह (वाइस हाउस कैप्टन बॉय), आन्या आनंद (वाइस हाउस कैप्टन गर्ल) रमन हाउस के लिए कार्तिक राजपूत (हाउस कैप्टन बॉय), सफूरा नावेद (हाउस कैप्टन गर्ल), मोहम्मद रयान (वाइस हाउस कैप्टन बॉय), जिया रानी (वाइस हाउस कैप्टन गर्ल), तथा कलाम हाउस के लिए स्वप्रताप सिंह (हाउस कैप्टन बॉय), तानिष्का (हाउस कैप्टन गावे), शांतनु (वाइस हाउस कैप्टन बॉय), अविका राजपूत (वाइस हाउस कैप्टन गर्ल) चुने गए। इसके साथ ही इको क्लब के लिए उजर इरशाद (हाउस कैप्टन बॉय), वैष्णवी (हाउस कैप्टन गर्ल), अक्षत राजपूत (वाइस हाउस कैप्टन बॉय) एवं जोबिया नाज (वाइस हाउस कैप्टन गर्ल का चयन किया गया।

# आधारशिला स्कूल में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। विद्यालय में प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं श्रीमती एकता कर्णवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्या श्रीमती अनिता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेन्द्र सिंह नेगी एवं स्कूल-कोऑर्डिनेटर श्रीमती बबीता त्यागी उपस्थित रहीं। इसके पश्चात नगर के प्रमुख स्थलों जैसे पंचवटी, शंकर मूर्ति, ऊन मार्केट, नेहरू चौक, फव्वारा चौक और अम्बेडकर चौक पर आधारशिला के छात्र-छात्राओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। पंचवटी पर विद्यालय के संरक्षक राधेश्याम कर्णवाल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सभी नगरवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक द्वारा सभी पत्रकारों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। संचालन चतुर्भुज पांडे ने किया।



# साहनपुर में चेयरमैन व ईओ ने शान के साथ फहराया तिरंगा

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर पंचायत साहनपुर कार्यालय पर शान के साथ स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी एवं अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार रावत ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर असिस्टेंट जज दानिश फारूकी रहे। इस



अवसर पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश की तरक्की में प्रत्येक नागरिक को अपना योगदान देना चाहिए। ईओ अनूप कुमार रावत ने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय जनता की सेवा के लिए लगातार तत्पर है। कार्यक्रम में सभासद शाहिद, फुरकान, नामित सभासद राजकुमार प्रजापति, रुकसाना, अजमल खान, सभासद दीपक, कासिम, वकार अहमद, नौशाद सरवरी, आदिल अब्बासी, लड्डन खान, राम सिंह राजपूत, रामकुमार, मूलचंद, शकील प्रधान, आरिफ बेग, शराफत हुसैन, डॉ. शाकिर, उवैस मंसूरी, इमरान मंसूरी, अहसान हसीब, साजिद बेग बादशाह सहित नगर पंचायत के सभासद, कर्मचारी व नगरवासी मौजूद रहे। इससे एक दिन पूर्व चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कस्बे में तिरंगा रैली निकाली।



# नगर कांग्रेस कमेटी ने स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रगान के साथ देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव एवं सोशल मीडिया विभाग के जिला सचिव नदीम फारूकी, मंडल अध्यक्ष सिताब खां, जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. इक़बाल खान, परवेज आलम, सलीम अहमद, बूथ अध्यक्ष मोनू टाटा एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नईमुल अख्तर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता, भाईचारे व लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

# देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा क्रिसेंट स्कूल





**चांदपुर (चिंगारी)।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और तिरंगे के रंगों से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण एवं नाटक की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालय द्वारा देशभक्ति रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के शैक्षणिक इंचार्ज शहज़ाद खान ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व से अवगत कराया। प्रधानाचार्य नदीम बख्त ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जैबी परवीन ने किया।

# सरस्वती पुस्तकालय में प्रधान उमापति गर्ग ने फहराया तिरंगा

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के बाजार कल्लूगंज स्थित सरस्वती पुस्तकालय में प्रधान उमापति गर्ग ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर देश के अमर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंत्री प्रदीप डेजी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधान अतुल कुमार माहेश्वरी, अजय सिंघल, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।




# धर्मेन्द्र सिंह राणा बने भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) विजेंद्र सिंह यादव ने जनपद के ग्राम चांदा नंगली निवासी किसान नेता धर्मेंद्र सिंह राणा को यूनियन के प्रति उनकी निष्ठा व समर्पण को देखते हुए एवं जिला कार्यकारिणी की संस्तुति पर यूनियन में प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने उनसे अपेक्षा की है कि चौधरी टिकैत व संगठन की नीतियों तथा कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। श्री धर्मेंद्र सिंह राणा ने अपने मनोनयन के लिये प्रदेश अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी एवं टिकैत बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस अपेक्षा के साथ उन्हें महत्वपूर्ण पद व जिम्मेदारी दी गई है, वे उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे तथा यूनियन के दिशा निर्देशों के अनुसार किसानों के हित एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिये काम करेंगे।

# तीज उत्सव के मौके पर मेंहदी रचे हाथ प्रतियोगिता आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली



जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में तीज उत्सव के मौके पर प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति शर्मा के निर्देशन में शिक्षिका शगुफ्ता, फरहा, बुशरा, रूबी, फौजिया के सहयोग से मेंहदी रचे हाथ कम्पीटीशन जूनियर व सीनियर वर्ग में कराया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं में जूनियर वर्ग में क्रमश: इफरा, इकरा, अलीशा, अमीना, सहरीन, मोनिका, नूर अफशा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में क्रमश: शाजिया, वजीहा, मिसबाह, अतूफा, सुमय्या, महकशा, शहरीन, अर्शी, शफक ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मुगलूशाह में युवाओं ने स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मौहल्ला मुगलूशाह में युवाओं ने स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। युवाओं ने अपने विचार



रखते हुए अमर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद शाहजाद, कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी, डॉ. आफताब नोमानी, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद सुहैल, मोहम्मद जैद, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद शमशीर, सूफियान, फैजू, अब्दुल गनी, मोहम्मद उज़ैर, शाहजेब जावेद, हाजी जावेद अख्तर आदि मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सिमराह स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल में 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद कमाल, निदेशक हिना कमाल व प्रधानाचार्य मंसूर आलम द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नाटक व नृत्य के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता की झलक दिखाई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य मंसूर आलम ने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के बलिदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विखात आरफा ने किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती हुई छात्राएं।

## श्रीराम कमेटी का वार्षिकोत्सव मनाया सामूहिक पूजन हुआ, भंडारा कराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था श्री राम कमेटी के 17 वें वार्षिकोत्सव एवं श्रावण मास के उपलक्ष्य में मुनि विद्यानंद जैन कन्या पाठशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ श्री राधा कृष्ण मंदिर में सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान नगर पालिका परिषद के सभासद मनोज कुमार गोयल पप्पी भैया एवं उनकी धर्मपत्नी आरती गोयल, विनीत वर्मा एवं गोल्डी वर्मा, राहुल त्यागी एवं रजनी त्यागी, पीयूष अग्रवाल एवं विदिता अग्रवाल गणेश मराठा एवं पूजा मराठा आदि रहे। पूजन आचार्य पंडित परितोष शास्त्री ने संपादित कराया। कार्यक्रम को सफलता दिलाने में सामाजिक संस्था तरुण परिषद के अध्यक्ष विवेक शर्मा बिट्टू महासचिव विवेक कुमार शर्मा मोनू, कोषाध्यक्ष विनीत वर्मा का समर्पित योगदान रहा।

## डीपीएस में प्रिंसिपल ने किया ध्वजारोहण



ध्वजारोहण करते हुए प्रिंसिपल बबीता गुप्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर पब्लिक स्कूल में 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रिंसिपल बबीता गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनसीसी कैडेट्स के मार्च पास्ट से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देती है। हमें देश की एकता और अखंडता को बनाए रखते हुए राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में पंकज कुमार, मोहित कुमार, दीपक कुमार, विपिन कुमार आदि तथा शिक्षिकाओं कुसुम, सविता, कंचन, ईशा, तरन्नुम, नसरीना, रीना, अर्चना, आंचल, प्रिया, अल्का, सिवानी, पूनम, गीता, नीलमड़ी, करुणा, वंदना, खनक, रहनुमा, सालिनी, यशिका, हिमानी आदि का सहयोग रहा।

## एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में प्रिंसिपल ने फहराया तिरंगा

**धामपुर ( चिंगारी )।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में वंदे मातरम् के 150 वर्ष और विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्ति अभियान को सफल बनाने हेतु प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान का समूह गायन किया। डॉ. लोकेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें है त्याग, एकता और कर्तव्य सिखाता है। इसलिए सभी पढ़ाई में श्रेष्ठ बनो। चरित्र में आगे रहो। देश की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि हम सब मिलकर एक शिक्षित, स्वच्छ और सशक्त भारत बनाएं। कार्यक्रम का संचालन पारुल चौहान व कृतिका राज ने किया।

## कांग्रेस कार्यालय पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



ध्वजारोहण करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

**धामपुर ( चिंगारी )। मोहल्ला अफगानान स्थित नगर कांग्रेस कार्यालय पर देश का 80वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर देश की आन, बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। कार्यक्रम में डॉ. नदीम नज़ाकत खां नगर अध्यक्ष, वसीम रजा उपाध्यक्ष, मौलाना शैर अली, वसीम अब्बासी महासचिव, वामिक अंसारी, परवेज अंसारी, नईम खान, शहजाद खान, नसीम खान, हसीन इदरीसी, एपी वसीम अहमद, जावेद शम्सी आदि उपस्थित रहे।**

## राधा इन्टर कॉलेज में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** राधा इंटर कॉलेज, अल्हैपुर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आरिफ सैफी, प्रबंधक रवि कुमार, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार द्वारा ध्वजारोहण एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रबंधक रवि कुमार व प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## योग साधकों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



भगत सिंह चौक पर नारे लगाते हुए योग साधक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** तूफान महायोग परिवार के योगाचार्य प्रशांत त्यागी के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस पर एसबीडी कॉलेज से निकाली गई तिरंगा यात्रा में पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी व प्रभारी निरीक्षा रविंद्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में योग साधक शामिल रहे। इस दौरान मार्ग में पडने वाले शहीदों के स्मारकों पर माल्यार्पण किया गया। इसके अलावा फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला में योग करो हंसमुख रहो संस्था द्वारा 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। जो भगत सिंह चौक पर पहुंचकर सभा में बदल गई। यहां सभी साधकों ने शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वंदे मातरम का गायन किया।

## सतीश शर्मा चुने गये प्रेस क्लब धामपुर के अध्यक्ष

**सर्वसम्मति से हुआ चुनाव**



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर प्रेस क्लब पंजीकृत की एक बैठक रविवार को नगीना चौराहा स्थित एक कार्यालय पर आयोजित की गई। अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी के निधन हो जाने के बाद अध्यक्ष पद खाली चल रहा था। सभी की सहमति से प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें धामपुर प्रेस क्लब के संरक्षक व कानूनी सलाहकार गजेंद्र सिंह एडवोकेट, सहायक कानूनी सलाहकार शाहबाज अनवर शोबी, संरक्षक डॉक्टर रफत, अध्यक्ष सतीश शर्मा, महामंत्री शमीम अहमद, कोषाध्यक्ष जुल्फिकार मंसूरी को बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष साजिद अली, उपाध्यक्ष मुनेश उपाध्याय, उपाध्यक्ष विभुतिकांत शर्मा, नाजिम अंसारी सचिव, शिबली खान उप सचिव, विभोर अग्रवाल को प्रचार मंत्री, आयशा सिद्दीकी को कार्यालय प्रभारी, अरशद जैदी को संगठन मंत्री, रवीनाथ को सहायक कार्यालय प्रभारी, अशोक कुमार को मीडिया प्रभारी, वसीम अकरम को सह मीडिया प्रभारी चुना गया। इसके साथ ही राजीव राजावत, राजीव चौहान, तनवीर राणा को सर्वसम्मति से सदस्य बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक एडवोकेट गजेंद्र सिंह ने की, व संचालन विभूतिकात शर्मा ने किया।

# यूजीसी रेगुलेशन एक्ट-2026 की विसंगतियों के विरोध में 23 अगस्त को दिल्ली में होगी महापंचायत - शेखावत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूजीसी रेगुलेशन एक्ट-2026 की विसंगतियों एवं यूजीसी रोलबैक की मांग को लेकर समस्त स्वर्ण समाज की ओर से राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत 15 हजार किलोमीटर की जनजागरण वाहन यात्रा निकाली जा रही है, जो विभिन्न राज्यों और जिलों से होकर 23 अगस्त को नई दिल्ली पहुंचेगी। उसी दिन शाह ऑडिटोरियम में यूजीसी रोलबैक सवर्ण आक्रोश महापंचायत का आयोजन किया जाएगा।



यहां नजीबाबाद रोड पर आयोजित प्रेस वार्ता में बीएसएफ से रिटायर्ड एवं क्षत्रिय करणी सेना एवं अखंड करणी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने बताया कि यूजीसी रेगुलेशन एक्ट-2026 की विसंगतियों एवं यूजीसी रोलबैक को लेकर राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 5 अगस्त से 15 हजार किलोमीटर की जनजागरण वाहन यात्रा निकाली जा रही है, जो राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों के कई जिलों से होकर गुजरेगी।

डॉ. राज शेखावत ने कहा कि 23 अगस्त को नई दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली यूजीसी रोलबैक स्वर्ण आक्रोश महापंचायत में देशभर से सवर्ण समाज के प्रतिनिधि, विद्यार्थी, शिक्षाविद और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। महापंचायत के माध्यम से यूजीसी रेगुलेशन एक्ट-2026 से जुड़े मुद्दों को सरकार एवं संबंधित प्राधिकरणों तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखने और जनभावनाओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास है। प्रेस वार्ता के माध्यम से समस्त सवर्ण समाज के नागरिकों से अभियान में सहभागी बनने तथा 23 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में नई दिल्ली पहुंचकर महापंचायत में भाग लेने का भी आह्वान किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में कुंवर रसिक चौहान, संगीता सिंह, शोभा शर्मा, चंचल राजपूत, राहुल चौहान, ब्रजवीर सिंह, महेन्द्र सिंह व राजत राजपूत आदि भी शामिल रहे।

## रमेश चंद धीमान का निधन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चंद्र धीमान उर्फ मुनीम जी (94 वर्ष) का कल निधन हो गया। आज सुबह रामलीला कमेटी की ओर से तलवार चला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी शव यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। वह मुनीम जी के नाम से प्रसिद्ध थे। 13 साल लगातार वह रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रहे और अब संरक्षक थे। दोपहर को उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। उनके निधन पर नवनीत मित्तल, कपिल रस्तौगी, योगेंद्र रस्तौगी, कस्तूरी लाल कालरा, रामपाल प्रजापति, अनिल चंद्र, अरुण पुष्पक, देवेश रस्तौगी, अनूप रस्तौगी, आलोक अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कल्लू सिंह सारंग, डबलेश कुमार, पत्रकार पीके चौहान, मुन्नू सिंह राठी आदि काफी संख्या में लोगों ने घर जाकर श्रद्धांजलि दी।

# शेरकोट में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण अंचल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधम से मनाया गया। इस मौके पर सरकारी और प्राइवेट संस्थाओं में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को याद किया गया। नगर पालिका कार्यालय में चेयरपर्सन शबनम नाज़ ने ध्वजारोहण किया । आयोजित कार्यक्रम में अमर शहीदों की कुर्बानियों को याद कर राष्ट्रहित में काम करने का संकल्प किया गया।



नगर पालिका में ध्वजारोहण करती चेयरपर्सन शबनम नाज़।

कार्यक्रम में ईओ कृष्ण मुरारी, पूर्व विधायक मौ गाज़ी, मौ कमाल आदि सभासदों और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह, मदरसा इस्लामिया जामा मस्जिद में काज़ी शमीम ,मुस्लिम फंड में मौलाना उबैदुर्रहमान,बाबू जी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में शकील अहमद,दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कालेज में राजेश कुमार, आर यू एम हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी,एस एम गुडविल स्कूल में अंकुर जैन, मदरसा इस्लामिया मस्जिद गंज में क़ारी इलियास, आल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शादाब खान ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर देश की एकता अखंडता के लिए कार्य करने का सकंल्प लिया गया। स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से दिन भर देश भक्ति के तराने गूंजते रहे।

## गोगा जी महाराज की नई प्रतिमा लगाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम खानपुर में म्हाड़ी स्थल पर आज जाहरवीर गोगाजी महाराज की नई प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई तथा प्रतिमा को ग्राम भ्रमण कराया गया। कलश यात्रा म्हाड़ी स्थल से शुरू होकर तथा खानपुर, नांगल के मुख्य बाजार, ग्राम जीतपुर के मुख्य मार्ग, बस स्टैंड से होते हुए म्हाड़ी स्थल पर पहुंचकर ही सम्पन्न हुई। इसके उपरांत पं. अरविन्द शुक्ला ने विधि- विधानपूर्वक प्रतिमा स्थापित कराई। सत्यपाल सिंह, सुभाष सिंह, दिनेश कुमार, ठाकुर सिंह, राकेश परमार, जितेन्द्र परमार, तपेश्वर सिंह, राधेश्याम सिंह, म्हाड़ी स्थल की पुजारिन कौशल्या देवी, अर्चना देवी, सुषमा देवी, मालती देवी, वर्णिका, गीता सहित कई महिला-पुरुष मौजूद रहे।


कलश यात्रा निकालते खानपुर के महिला-पुरुष।

# ब्रह्माकुमारीज ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ




**रुड़की ( चिंगारी )।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा राष्ट्रव्यापी नशामुक्ति अभियान के तहत रुड़की में ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके गीता दीदी के नेतृत्व में बीके दीपिका, बीके राशि व श्रीगोपाल नारसन ने स्वाधीनता पर्व के मुख्य समारोह बीटी गंज रुड़की में केबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा व मेयर अनिता देवी अग्रवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी समेत सभी राज्यमंत्री स्तर श्यामवीर सैनी, शोभाराम प्रजापति, आदेश सैनी, अजित सिंह तथा मौजूद जनसमूह को नशामुक्ति की हाथ उठवाकर शपथ दिलाई। नशामुक्ति की शपथ लेने वालों में नगरपालिका रुड़की के पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक, महिला आयोग की पूर्व सदस्य रश्मि चौधरी, पूर्व सांसद हरपाल साथी, पूर्व सांसद राजेन्द्र बॉडी आदि भी शामिल रहे। इस अवसर पर साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन ने ब्रह्माकुमारीज द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी।

# हीमपुर दीपा क्षेत्र में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद इमरान एवं गन्ना समिति के डेलिगेट नजाकत अली के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की अध्यक्षता उलेढ़ा निवासी संग्राम सिंह, पूर्व इंस्पेक्टर ने की। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



तिरंगा यात्रा का शुभारंभ गांव सैदाबाद से हुआ। हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ निकला कारवां सबलपुर, रेहरा, नाईपुरा, मूढ़ाल, गदनपुर, मनौटा, ब्लॉक जलीलपुर, धीवरपुरा, रवाना, बरखेड़ा और सलेमपुर सहित दर्जनों गांवों से होकर गुजरा। इसके बाद यात्रा पुन: सैदाबाद पहुंची, जहां इसका सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस दौरान संग्राम सिंह ने कहा कि हम सभी सबसे पहले भारतीय हैं। देश की आजादी में समाज के हर वर्ग और समुदाय के लोगों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हमें धर्म और जाति के भेदभाव से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए और देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।

तिरंगा यात्रा में ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य युवाओं और आने वाली पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। पूर्व प्रधान मकबूल अहमद, पूर्व प्रधान कृपाल सिंह, पूर्व प्रधान महबूब अली, नसीम बाबूजी, मुबारक, महबूब, शकूर, गुड्डू, फैजान, रईसुद्दीन, नाजिम डीलर, डॉ. रतिराम, अरविंद कुमार, महेश चंद, अफजाल जेसीबी वाले, दानिश, डॉ. शहजाद, मोहम्मद शकील, नजाकत डेलिगेट सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# नैनीताल में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**नैनीताल ( चिंगारी )।** देश का 80 वां स्वतंत्रता दिवस जनपद नैनीताल में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय नैनीताल के कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य मुख्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के प्रभारी मंत्री खजान दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। समारोह में प्रभारी मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, वीर नारियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज हम उन वीर शहीदों को नमन करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज का दिन हमें देश की एकता, अखंडता और बलिदान की याद दिलाता है। राज्य सरकार जनपद के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जनता के हित में कार्य कर रही है। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त करने का काम भी किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपदवासियों को स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमारा अधिकार है। स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में अपने अधिकारों के साथ जीवन जी रहे हैं। इस अवसर पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक देश भक्ति गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तल्लीताल गांधी चौक पंहुचकर पूज्य महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने गाँधी चौक पर व्यापार मंडल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी प्रतिभाग किया। व्यापार मंडल द्वारा जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ मंजूनाथ टीसी, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, एवं उपजिलाधिकारी नवाजिश खालिक सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को मंत्री के कर कमलों से सम्मानित किया गया।



इसके उपरांत मंत्री एवं अन्य के द्वारा अम्बेडकर पार्क में बाबा भीमराव अंबेडकर एवं शहीद मेजर राजेश अधिकारी की प्रतिमा पर फूल एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तल्लीताल गांधी चौक से डीएसए मैदान तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नैनीताल के मल्लीताल स्थित वोट स्टैंड से नाव रैली निकाली गई जिसमें भी मंत्री एवं अन्य के द्वारा प्रतिभाग किया गया।



### इनकी उपस्थिति रही

**इस अवसर पर विधायक नैनीताल सरिता आर्या, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, शांति मेहरा विमला अधिकारी, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र, अपर जिला अधिकारी विवेक राय, भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य गोपाल रावत भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की, उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया डीएसए सचिव मनोज जोशी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।**

## विद्यालयों में उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पांडेय द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को देश के स्वतंत्रता संग्राम में सेनानियों द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ किए गए संघर्ष पर जानकारी दी। तत्पश्चात छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर 'आजादी के मायने' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वशिष्ठ हाउस प्रथम, नारायण एवं व्यास हाउस संयुक्त रूप से दूसरे तथा पाराशर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार के बीच मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार सहित अभिभावक भी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त बलूनी पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान तल्ला मोटाढ़ाक मनमोहन दुदपुड़ी व स्कूल निदेशक अभिलाषा भारद्वाज ने तिरंगा फहराया। कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डी एस नेगी ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा क्षेत्र के समस्त राजकीय इंटर कालेजों, महर्षि विद्या मंदिर इंटर कालेज बलभद्रपुर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकी नगर सहित पहाड़ी क्षेत्रों के विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।

## भाजपाइयों ने श्रद्धापूर्वक मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाजपा की ओर से देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर कोटद्वार विधानसभा के सुखरौ मंडल के अंतर्गत शिवपुर शक्ति केंद्र के बूथ संख्या एक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनकल्याण के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उत्तराखंड के निर्माण और विकास में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। उनके प्रधानमंत्रित्व काल में ही उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आया और जनता की वर्षों से चली आ रही पृथक राज्य की मांग साकार हुई। कहा कि जनता के सपनों को साकार करने में ऐतिहासिक योगदान देने पर पूरा उत्तराखंड सदैव उनका ऋणी रहेगा। इस अवसर पर सुखरौ मंडल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, महामंत्री सोनिया असवाल, शक्ति केंद्र संयोजक मथुरा प्रसाद कोटनाला, बूथ अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, अरुण द्विवेदी, नीलम नेगी, नीलम बहुखंडी, आशा कुकरेती, दीपक गौड़ और विपिन सिंह रौतेला सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेटे ने अपने ही घर से किये लाखों के जेवर पार पुलिस ने जेवरों के साथ कर लिया गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन गैमिंग के शौक में अपने ही घर में लाखों की ज्वैलरी चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मौके पर पुलिस ने युवक के पास से चोरी की गई ज्वैलरी भी बरामद की।



कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में अपने ही घर में चोरी करने का आरोपी अमन नेगी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त 2026 को स्थानीय निवासी मनमोहन सिंह नेगी द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उन्होंने अंकित किया था कि वे पूर्व की रात्रि में अपने घर के पास ही किसी परिचित की रिटायरमेंट की पार्टी में गए थे, जब वे घर वापस आए तो घर का ताला टूटा हुआ था और घर में रखी ज्वैलरी भी गायब थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी अस्मिता मंमगाई के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। टीमों द्वारा प्रारम्भिक जांच में कोई ठोस सुराग प्राप्त न होने पर पुलिस टीम द्वारा मामले की विवेचना को जीरो लेवल से पुन: प्रारम्भ किया गया व घटनास्थल व घटना के समय परिवारजनों की गतिविधियों का पुन: बारीकी से विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान पुलिस टीम को वादी के पुत्र अमन नेगी की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। साक्ष्यों के आधार पर चोरी में अमन नेगी की संलिप्तता की पुष्टि हुई। जांच में टीम ने पाया कि अमन नेगी ने स्वयं अपने घर का ताला तोड़कर घर में रखी ज्वैलरी एवं अन्य सामान की चोरी की थी। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेते हुए सख्ती से पूछताछ की तो उसने चोरी करने की बात कबूलते हुए बताया कि उसे घूमने-फिरने एवं ऑनलाइन गेम खेलने का शौक है। इस शौक को पूरा करने के लिए उसने योजनाबद्ध तरीके से अपने ही घर में चोरी की घटना को अंजाम देने का प्लान बनाया व सोचा कि चोरी करने के बाद वह पकड़ा भी नहीं जाएगा, लेकिन उसके अरमानों पर पुलिस की कार्रवाई ने पानी फेर दिया। मौके पर पुलिस ने अमन के कब्जे से चोरी की गई एक सोने की त्रिमाला, एक सोने की अंगूठी, दो सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के झुमके व नौ चांदी की धगुलियां बरामद की और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**










# देशवासियों को प्रेरणा देता है वीरांगनाओं का तप-त्याग और बलिदान - योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में रविवार को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उन्हें भारत की आजादी के प्रथम स्वातंर्त्य समर 1857 की महान क्रांतिकारियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं का योगदान, तप, त्याग और बलिदान हम सभी को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उनकी 196वीं जयंती है। वर्ष 1857 में वे मात्र 27 वर्ष की थीं। इस छोटी आयु में उन्होंने खुद को आजादी के संघर्ष में बलिदान कर मिसाल प्रस्तुत की। आजादी के लिए उनका बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी भारत की आजादी की उन महान नायिकाओं में से एक हैं, जिन्होंने अपना जीवन देश के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने में कोई कोताही नहीं बरती। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ देश की आजादी के लिए युद्ध को लड़ा गया।










80 वे
स्वतंत्रता दिवस पर्व
व
जन्माष्टमी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं।
समस्त देशवासियों,
नगरवासियों,
अधिवक्ता साथियों को
80 वे स्वतंत्रता दिवस पर्व व
जन्माष्टमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं।
अभिषेक अग्रवाल एडवोकेट
(जीएसटी व आयकर अधिवक्ता)
कार्यालय निकट स्टेट जीएसटी ऑफिस बिजनौर।
मो नं. 9690330099


स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त स्टाफ, अभिभावकों,
छात्र-छात्राओं एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं
पिंकी शर्मा - अध्यक्ष
शिक्षक अभिभावक संघ
शैक्षिक विकास हेतु संकल्पबद्ध
प्रधानाचार्य
योगेश पाल सिंह
दयानंद जनता इण्टर कॉलेज,
हीमपुर दीपा ( बिजनौर )
प्रबंधक
चंद्रपाल सिंह


समस्त देशवासियों, कस्बे वासियों को
80 वे स्वतंत्रता दिवस
व जन्माष्टमी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं।
निवेदक
समस्त नगरवासी
कस्बा झालु


॥ जय जवान.. जय किसान ॥
स्वतंत्रता दिवस
व
रक्षाबंधन
के शुभ अवसर पर
जयंत चौधरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय लोक दल
विकास खंड हल्दौर वार्ड नंबर 2 से
जिला पंचायत सदस्य पद कें
राष्ट्रीय लोक दल संभावित प्रत्याशी
15 अगस्त जय हिंद!
सुरेंद्र सिंह चिकारा
(पूर्व चेयरमैन)
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
नितिन चिकारा
युवा नेता रालोद
सुरेंद्र सिंह चिकारा
(पूर्व चेयरमैन)
हमारा संकल्प,
क्षेत्र की सभी टूटी सड़कें और रास्तों का नए सिरे से निर्माण,
क्षेत्र के जिन गांव और चौराहा पर अंधेरा रहता है। वहां रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएगी,
निवेदक- युवा नेता रालोद नितिन चिकारा
पुत्र सुरेंद्र सिंह चिकारा,
निवासी ग्राम माढ़ी हीमपुर दीपा( बिजनौर )


Happy Independence Day
15 AUGUST
PROUD TO BE AN INDIAN
LIVE & LET LIVE
S.M. GOODWILL ACADMY
ESTD 2005
FREEDOM IN MIND, FAITH IN WORDS,
PRIDE IN OUR HEARTS.
JAI HIND!
Warm Wishes From
अंकुर जैन
(MD)
अनामिका जैन
(MD)
SM GOODWILL ACADEMY, SHERKOT